# **बी.कॉम कार्यक्रम 2024-25 के छात्रों के लिए अग्रवाल कॉलेज में विदाई समारोह**

5 मई 2025 को अग्रवाल कॉलेज में बी.कॉम स्नातक छात्रों (2024-25 बैच) के लिए एक भावुक विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 90 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें उनके कॉलेज जीवन का उत्सव मनाया गया और उन्हें स्नेहपूर्वक विदाई दी गई।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। छात्रों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, साथ ही अपने यादगार अनुभव, उपलब्धियाँ और कॉलेज जीवन की यादें साझा कीं। उन्होंने अपने जूनियर्स को बहुमूल्य सुझाव भी दिए और अपने भविष्य की योजनाओं की झलक प्रस्तुत की।

वाणिज्य विभाग की विभागाधक्ष्या डॉ. शोभना गोयल ने बताया कि विधार्थियों को बड़ों का सम्मान व छोटों से प्रेम करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विधार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ की गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता एवं जनरल सेक्रेटरी श्री दिनेश गुप्ता जी के कुशल दिशा निर्देशन में किया गया।

कार्यक्रम में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. जयपाल सिंह ने छात्रों को शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निर्णायक मंडली ने छात्रों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों डॉ. शोभना गोयल, डॉ. रेखा सैन, डॉ. परवीन गुप्ता, डॉ. डिंपल, श्रीमती पूजा, डॉ. रचना, डॉ. पंकज, सुश्री नेहा और सुश्री नेहा रानी ने सक्रिय भागीदारी की।

समारोह का समापन "मिस फेयरवेल" और "मिस्टर फेयरवेल" खिताब की घोषणा के साथ हुआ ।विदाई समारोह में मिस्टर फेयरवेल श्री विकास तथा मिस फेयरवेल सुश्री अंजलि रहीं। इस समारोह में धन्यवाद ज्ञापन डॉ रेखा सेन ने किया। यह कार्यक्रम उत्साह, उल्लास और भावनात्मक पलों से भरपूर रहा, जो 2024-25 बैच के बी.कॉम छात्रों के लिए एक अविस्मरणीय विदाई बन गया।